Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding East Rajasthan Canal Project-laid.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): मैं प्रधान मंत्री जी से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की माँग करते हुए बताना चाहता हूं कि इस महत्वपूर्ण परियोजना में मानसून के समय कुन्नू, कुल, पार्वती, कालिसिंध व मेज नदी के अधिशेष पानी को बनास, मोरेल, बाणगंगा, गंभीर, पार्वती एवं कालिसिंध नदियों में पहुंचाने की परिकल्पना की गई है। इस परियोजना द्वारा राजस्थान के 13 जिलों तथा झालाबाड़, बाराँ, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अपमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर व धौलपुर में पेयजल व अन्य कार्यों हेतु वर्ष 2051 तक पेयजल की उपलब्धता एवं बाढ़ अथवा सूखे की स्थिति में कमी लाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके जरिए न केवल 5 नदियां आपस में जुडेंगी बल्कि कई बांध जीवित हो जाएंगे और 37247 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट की डीपीआर भी भारत सरकार को प्रेषित की हुई है। इस मामले में केंद्र एमपी सरकार को भी निर्देशित करे ताकि इस प्रोजेक्ट में वो कोई आपत्ति नहीं करे व जल शक्ति मंत्रालय को भी आवश्यक निर्देश जारी करे।

17.51hrs

UNION BUDGET – 2021-2022 – GENERAL DISCUSSION